बी.एस.एस.एस.-183

# स्नातक
## (CBCS – BAG/Honours)
## (FYUP – MAJOR/BAM/BSCM/BCOMF)

सत्रीय कार्य

जुलाई 2025 और जनवरी 2026

पाठ्यक्रम कोड : बी.एस.एस.एस.-183

जीवन कौशल जानकारियाँ

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

# बी.एस.एस.एस.–183: जीवन कौशल जानकारियाँ
# अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य
# जुलाई 2025 और जनवरी 2026

**प्रिय छात्र,**

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता है: i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

आपको 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए **2 अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.)** करने होंगे। इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में **बी.एस.एस.एस.–183 :जीवन कौशल जानकारियाँ** नामक कौशल संर्वधन पाठ्यक्रम का सत्रीय कार्य सम्मिलित है जो 4 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर निर्धारित शब्द-सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल और विषय की जानकारी में सुधार होगा; तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

## सत्रीय कार्य जमा करने हेतु निर्देशः

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में उल्लेख किया गया है **आप सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमा करने होंगें।**

**यह सत्रीय कार्य उन विद्यार्थियों के लिए है जिन्होंने जुलाई 2025 और जनवरी 2026 के सत्र में प्रवेश लिया है। आपको सत्रीय कार्य निम्नलिखित समय-सारणी के अनुसार जमा करवाना होगा :**

| सत्र | जमा करने की तिथि | कहां जमा करना है |
|---|---|---|
| जुलाई 2025 सत्र के लिए | 31 मार्च 2026 | पूरा किया हुआ सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा करा दें। |
| जनवरी 2026 सत्र के लिए | 30 सितम्बर 2026 | |

**जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें।**

अन्य सत्रीय कार्यों की तरह आपके यह सत्रीय कार्य भी अपने **अध्ययन केन्द्र के संचालक** को जमा कराना होगा। आपका क्षेत्रीय केन्द्र आपको ऑनलाइन सत्रीय कार्य जमा करने की सुविधा भी प्रदान कर सकता है। इसके लिए आप अपने क्षेत्रीय केन्द्र की वेबसाइट पर देखें कि आपके केन्द्र में ऑनलाइन सत्रीय कार्य जमा करने की सुविधा उपलब्ध है अथवा नहीं।

मूल्यांकन के पश्चात् अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात्, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक **विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली** को भेजने होते हैं।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य मे ंदिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखेगें। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें:

1) **योजना** : सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढ़िए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

2) **संगठन** : अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें।

   उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिशचित कर लें कि :

   क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

   ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

   ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

3) **प्रस्तुतीकरण** : जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ-साफ लिखें और जिन बिन्दुओं पर आप विशेष बल देना चाहते है उन्हें रेखांकित करें** यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द-सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

शुभकामनााओं के साथ,
**इतिहास संकाय**

## बी.एस.एस.एस.-183 : जीवन कौशल जानकारियाँ
## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोडः **BSSS-183**
सत्रीय कार्य कोड : **बी.एस.एस.एस. -183** /ए.एस.एस.टी./**TMA/2025-26**
अधिकतम अंकः **100**

**नोटः कोई भी पाँच प्रश्न करने अनिवार्य है। यह सत्रीय कार्य दो भागों में विभाजित हैं। आपको इन दो भागों में से दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में देने हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान है।**

## सत्रीय कार्य - I

1) हलफनामे के सत्यापन और अनुप्रमाणन/साक्ष्यांकन से आप क्या समझते हैं? समझाइए। 20

2) अच्छा सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने से शुरू होता है। टिप्पणी कीजिए। 20

3) विकलांगता को समझने के लिए विभिन्न तरीकों पर चर्चा कीजिए। 20

4) लिंग संवेदीकरण के महत्व पर एक नोट लिखिए। 20

5) डेटा प्रबंधन के महत्व को समझाइए। 20

## सत्रीय कार्य - II

6) वेब ब्राउजिंग को सुविधाजनक बनाने में खोज इंजन के महत्व को समझाइए। 20

7) ऑनलाइन व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए कुछ सर्वोत्तम तरीकों पर चर्चा कीजिए। 20

8) क्या बचत और निवेश में कोई अंतर है? उदाहरण देकर समझाइए। 20

9) क्या आप इस बात से सहमत हैं कि डिजिटलीकरण ने रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं? उदाहरण देकर समझाइए। 20

10) क्या यह सच है कि एक अच्छा CV हमेशा नौकरी खोजने में मदद करता है? टिप्पणी कीजिए। 20